FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2025

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए **15** मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

सूचना : 1 से **5** तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें : **(5 × 1 = 5)**

1. 'कहना नहीं आता' किस विधा की रचना है ?

   (कहानी, नाटक, कविता)

2. 'अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया था ।' – किसने ?

   (असलम ने, यात्री ने, डॉक्टर ने)

3. दिलीप किसके साथ सिनेमा देखने चला ?

(पत्नी के साथ, सहेली के साथ, माँ के साथ)

4. पत्थर की बेंच पर रोता हुआ बच्चा क्या कुतरकर चुप हो गया ?

(बिस्कुट, मिठाई, सेब)

5. 'अपराध' किसकी कहानी है ?

(चित्रा मुद्गल की, उदय प्रकाश की, यशपाल की)

सूचना : 6 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें : **(2 × 2 = 4)**

6. प्रश्नवाचक शब्दों की सहायता से दो प्रश्न बनाएँ। (कौन, क्या)

खोमचेवाला रात को पकौड़ा बेच रहा है।

7. यात्री किसी अपराधी की भाँति सिर झुकाए रिक्शे के साथ-साथ चल रहा था। क्यों ?

8. सार्थक वाक्य में बदलें।

गरीबविद्यार्थीमददमाँगनेआया।

सूचना : कवितांश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

अरे आ गई है भूली-सी
    यह मधुऋतु दो दिन को,
छोटी-सी कुटिया मैं रच दूँ,
    नई व्यथा-साथिन को !
वसुधा नीचे ऊपर नभ हो,
    नीड़ अलग सबसे हो,
झाड़खंड के चिर पतझड़ में
    भागो सूखे तिनको !

9. कौन भूली-सी आ गई है ? (1)

10. सूखे तिनकों को कहाँ भाग जाना है ? (2)

11. कविताांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : 12 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 4 = 12)**

12. जीवन-वृत्त पढ़ें और अनुच्छेद लिखें ।

जीवन-वृत्त		
नाम	:	रामधारी सिंह 'दिनकर'
जन्म	:	1908
जन्म-स्थान	:	सिमरिया, बिहार
प्रमुख रचनाएँ	:	कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रेणुका
मृत्यु	:	1974

13. दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

कामी क्रोधी लालची, इनते भक्ति न होय ।

भक्ति करै कोइ सूरमा, जाति बरन कुल खोय ।।

14. ये कथन पढ़ें और बीरबल सिंह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- तुम लोगों को आगे जाने का हुक्म नहीं है ।
- अहिंसा के व्रतधारियों पर डंडे बरसाना और बात है, हिंसक भीड़ का सामना करना और ।

15. सही मिलान करें ।

रिक्शावाला	–	रास्ते में दम तोड़ देना
असलम	–	रिक्शा चलाने से मना करना
यात्री	–	मृत्यु की खबर देना
डॉक्टर	–	रिक्शे से उतरकर चलना

16. दोनों पदों को जोड़कर वाक्य-पल्लवन करें ।

संभ्रांत महिला सफ़र कर रही थी ।

(वृद्ध, रेलगाड़ी से)

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें ।

मैं अपने इस अपराध के लिए क्षमा माँगना चाहता हूँ । इस अपराध की सज़ा पाना चाहता हूँ । लेकिन अब तो माँ और पिताजी भी नहीं हैं, जिनसे मैं यह बताऊँ कि उस दिन ठीक-ठीक क्या हुआ था ।

भाई ही मुझे क्षमा कर सकते हैं, जिन्हें मेरे झूठ का दंड भोगना पड़ा । उनसे मैंने इस घटना का ज़िक्र भी करना चाहा, लेकिन उन्हें वह घटना याद ही नहीं । वे इसे बिलकुल, पूरी तरह भूल चुके हैं ।

17. छोटा भाई अपने अपराध के लिए क्षमा माँगने में असफल रहा । क्यों ? **(2)**

18. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 6 = 18)**

19. नौजवान आम की गुठलियाँ बोनेवाले बूढ़े से मिलता है । यह उसके लिए नया अनुभव था । इसके बारे में वह अपने मित्र से कहता है । नौजवान और मित्र के बीच की बातचीत लिखें ।

- बूढ़ा होने पर भी काम करते हुए देखना
- परोपकार की भावना से परिचय पाना
- दूसरों की भलाई करने का सोचना

20. आपके स्कूल के 'स्वास्थ्य क्लब' (Health club) की ओर से एक औषधीय उद्यान (Medicinal garden) का उद्‌घाटन होने वाला है । इसका उद्‌घाटन स्कूल प्राचार्य (Principal) करेंगे । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

21. अंग्रेज़ी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें :

Father : Hey, How was your day ?

Daughter : Good, Got A grade on my maths test.

Father : Awesome ! My dear.

Daughter : Thanks, Dad.

Father : Love you

Daughter : Love you too Dad.

(maths test – गणित परीक्षा, Awesome – बहुत बढ़िया)

22. खोमचा बेचने वाले लड़के के घर की हालत देखकर दिलीप का मन दुःख से भर गया । वह अपनी डायरी में इसके बारे में लिखता है । दिलीप की उस दिन की डायरी लिखें ।

- लड़के से परिचय
- माँ–बेटे का प्यार
- असली दुःख की पहचान

सूचना : 23 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें : **(3 × 8 = 24)**

23. दहेज प्रथा (Dowry System) से संबंधित आत्महत्याएँ बढ़ती जा रही हैं । इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए नीलिमा, नीलांगन, कण्णूर की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, गृह विभाग, केरल के नाम पर एक सूचना अधिकार–पत्र तैयार करें ।

24. मधुरिमा कंपनी की ओर से एक नयी चॉकलेट (chocolate) बाज़ार में आयी है । उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- 100% शुद्ध दूध से बनी
- विभिन्न स्वादों में
- एक लो, एक मुफ्त

25. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

- फिल्म का कथासार
- पटकथा, संवाद, छायांकन, अभिनय
- निदेशक की भूमिका
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

26. आठ पारिभाषिक शब्द-जोड़े चुनकर लिखें ।

Symbol बातचीत Next Step

खोज Input प्रक्रिया

Chats सार्वजनिक Editing

अगला चरण Search

Process संकेत Public

ईक्षण अंतर्पात